/font>

Title: Need to expedite four-laning of Jhansi-Lakhnadaun part of National Highway No. 26.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सागर (मध्य प्रदेश) से राट्रीय राजमार्ग क्रमांक 26 का विस्तार करके केन्द्र सरकार द्वारा इसे उत्तर दक्षिण कॉरीडोर लेन फोर लाइन एक्सप्रेस हाईवे के रूप में घोाित किया गया है। इस वाॅ अत्यधिक वाॅ होने के कारण झांसी से लखनादौन का मार्ग काफी खराब हो गया है जिससे इस फोर लाइन एक्सप्रेस हाईवे मार्ग से निकलने वाले वाहनों में काफी टूट-फूट होने लगी है एवं समय भी ज्यादा लगने लगा है। देश के उत्तरी भाग को देश के दक्षिण राज्यों से जोड़ने वाला यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण हाइवे है। राट्रीय राजमार्ग क्रमांक 26 के कि.मी. 132/800 से 215 का भाग राट्रीय राजमार्ग विकास प्र ाधिकरण के पास है। उनके द्वारा इसके चार लेन चौड़ीकरण का कार्य फरवरी 2005 तक निर्धारित करने का लक्ष्य लोक निर्माण विभाग को इस भाग में यातायात को ठीक तरह से रखने के लिए 2002-2003 में 33.28 लाख रुपए तथा चालू वाॅ में 33.28 लाख रुपए दिए गए।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस मार्ग की उपयोगिता एवं महत्व को देखते हुए शीघ्रातिशीघ्र इस मार्ग के चार लेन चौड़ीकरण का कार्य करवाने का सहयोग करें।